राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 57 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा प्रतिष्ठान में वर्ष 2021-22 की परीक्षा में चयनित 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया गिरफ्तार

## शराब नीति केस में सीबीआई ने 8 घंटे पूछताछ की थी, आईएएस अफसर ने लिया था सिसोदिया का नाम, अफसर ने सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था

### आप को झटका

= अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शराब** नीति केस में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने 8 घंटे लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आबकारी विभाग के एक आईएएस अफसर ने सीबीआई की पूछताछ में सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो। इसी बयान के आधार पर सिसोदिया से पूछताछ की गई थी। सूत्रों की मानें तो अफसर ने सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था। सीबीआई ने सिसोदिया और अफसर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की तो उन्होंने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। यही सिसोदिया की गिरफ्तारी की वजह बनी। सिसोदिया को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई मुख्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूछताछ के लिए जाने से पहले सिसोदिया ने अपनी कार के सनरूफ से निकलकर समर्थकों का अभिवादन किया। वे समर्थकों की भीड़ के साथ सीधे राजघाट के लिए निकले। इसके बाद वे सीबीआई के ऑफिस गए।

**क्या है पूरा मामला:** सीबीआई ने पिछले साल 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों के एफआईआर दर्ज की थी। इसमें तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर समेत तीन अफसर, दो कंपनियां और नौ कारोबारी शामिल थे। सीबीआई ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया था। दरअसल, 8 जुलाई, 2022 को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया को एक रिपोर्ट भेजी थी। एक्साइज मंत्री सिसोदिया पर उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना नई आबकारी नीति बनाकर फर्जी तरीके से पैसा कमाने का आरोप लगाया था।





### 'सिसोदिया को सरकारी स्कूलों सुधारने की सजा मिली'

आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मनीष के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला, फिर गिरफ्तारी कैसे हुई। दोनों चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं है। अब सीबीआई कोर्ट में कहेगी, ये बड़े प्रभावी हैं। इसलिए इन्हें जांच होने तक जेल में रखा जाए। आप विधायक आतिशी ने कहा- मनीष सिसोदिया ने आठ साल में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की काया पलट कर दी। उन्हें इसी की सजा मिल रही है।

### सिसोदिया दुनिया के पहले शिक्षा मंत्री जो शराब घोटाले में अरेस्ट हुए

**भाजपा** प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सिसोदिया पहले ऐसे शिक्षा मंत्री हैं, जो शराब घोटाले में गिरफ्तार हुए हैं। उन्होंने स्कूल के आसपास शराब दुकानें खुलवाकर बच्चों उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया। केवल कमीशन के लिए आम आदमी पार्टी ने स्कूल, मंदिर के पास और मोहल्लों में शराब की दुकानें खुलवाईं।

### सबूतों के आधार पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**डिप्टी** सीएम सिसोदिया को सबूतों के आधार पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सीबीआई ने सिसोदिया को कई सबूत दिखाए, इसमें डिजिटल सबूत और दस्तावेज भी शामिल थे। सिसोदिया इन सबूतों के सामने कोई जवाब नहीं दे पाए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था।

## सीएम को अपने अहंकार को किनारे रखना चाहिएः शिंदे



**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि डेवलपमेंट फंड प्राप्त करने के लिए केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने चाहिए। काम जमीन पर होते हैं न कि ऑनलाइन या घर से। उन्होंने कहा कि ने राज्य के लिए अहंकार को अलग रखने की जरूरत होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2019 और 2022 के बीच महा विकास आघाड़ी सरकार में मुख्यमंत्री थे। अक्सर उनकी नरेंद्र मोदी सरकार के साथ खींचतान होती रहती थी।
केंद्र से डील करने के लिए अहंकार को अलग रखना पड़ता है: शिंदे ने कहा कि विकास के लिए जमीन पर काम करने की जरूरत होती है। आप ऑनलाइन या फेसबुक के जरिए से काम नहीं कर सकते।

## मैं इंडियन सिटीजन नहीं हूं: अमृतपाल



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** के अजनाला थाने पर समर्थकों संग हमला करने वाले खालिस्तान समर्थक 'वारिस पंजाब दे' चीफ अमृतपाल ने खुद को भारतीय नागरिक मानने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल ने कहा – मैं खुद को इंडियन सिटीजन नहीं मानता। पासपोर्ट सिर्फ एक यात्रा का डॉक्यूमेंट है, इससे कोई भारतीय नहीं बन जाता। बता दें कि अमृतपाल ने अपने करीबी लवप्रीत सिंह तूफान को छुड़ाने के लिए समर्थकों समेत अजनाला पुलिस थाने को घेर लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस उसके आगे झुक गई और तूफान को जेल से रिहा करवा दिया। अमृतपाल ने कहा कि अगर पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोका तो फिर हिंसा को रोकना उनके वश में नहीं होगा। दहशतगर्दी ऐसी चीज नहीं कि मैं उसे शुरू कर सकूं।

## गया के फल्गु नदी में बम धमाका



**गया/टीम एक्शन इंडिया**
**गया** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी में रविवार की दोपहर बम डिफ्यूज करने के दौरान बीएमपी के 2 जवान समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। बीएमपी के दोनों जवानों की हालत गंभीर है। डाक्टरों ने एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके दोनों हाथ काटकर हटा दिए हैं। बताया गया कि कोतवाली थाना में पिछले दिनों एक अपराधी के पास से छह बम बरामद किया गया था। उसी बम को डिफ्यूज करने के लिए फल्गु नदी में ले जाया गया, जब यह हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, बम डिफ्यूज करने के लिए बीएमपी 3 के बम डिफ्यूज दस्ता को बुलाया गया था। कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी विद्या प्रसाद यादव के देखरेख में बीएमपी के बम डिफ्यूज दस्ता फल्गु नदी में गए थे। बम डिफ्यूज करने के क्रम में विस्फोट हो गया।

## कश्मीरः फिर टारगेट किलिंग



**श्रीनगर/टीम एक्शन इंडिया**
**दक्षिण** कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय शर्मा पर तब हमला किया, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग है। इससे पहले जम्मू के राजौरी के अपर डांगरी गांव में 1 जनवरी 2023 की शाम को 2 अनजान लोग घुस आए थे। उन्होंने पूछ-पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई थी। संजय शर्मा की हत्या की जिम्मेदारी कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि सुबह हमने अचान (पुलवामा) के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा।

### निशाने पर

= आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई

## हमारा सत्याग्रह, भाजपा के 'सत्ताग्रह' से जीतेगाः राहुल गांधी

**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**छत्तीसगढ़ की** राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के तीसरे और आखिरी दिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी ने 32 मिनट की स्पीच दी। राहुल ने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा, अडाणी हिंडनबर्ग केस, चीन पर जयशंकर के बयान और 2024 लोकसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर बात की। राहुल ने अपने भाषण में 1977 का किस्सा भी सुनाया, जिसमें उन्हें पहली बार अहसास हुआ था कि उनके पास अपना घर नहीं है। उन्होंने कहा- 52 साल हो गए, मेरे पास आज भी अपना घर नहीं है। उनकी बातें सुनकर सोनिया गांधी भावुक नजर आईं।



### मोदी निशाने पर

= कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रहे हैं

**जब गले लगता था तो ट्रांसमिशन सा होता था:** राहुल गांधी ने कहा, '4 महीने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत जोड़ो यात्रा हमने की। वीडियो में आपने मेरा चेहरा देखा, लेकिन हमारे साथ लाखों लोग चले। बारिश, गर्मी और बर्फ में हम सब एक साथ चले। बहुत कुछ सीखने को मिला। आपने देखा हो कि पंजाब में एक मैकेनिक आकर मुझसे मिला। मैंने उसके हाथ पकड़े और सालों की उसकी तपस्या, उसका दर्द और दुख मैंने पहचान लिया। लाखों किसानों के साथ जैसे ही हाथ मिलाता था, गले लगता था एक ट्रांसमिशन सा हो जाता था। शुरूआत में बोलने की जरूरत होती थी कि क्या करते हो, कितने बच्चे हैं, क्या मुश्किलें हैं। एक-डेढ़ महीना ये चला और उसके बाद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे ही हाथ पकड़ा, गले लगे उनका दर्द एक सेकेंड में समझ आ

## 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा प्रतिष्ठान में वर्ष 2021-22 की परीक्षा में चयनित 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चयनित अभ्यर्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उप्र में साल 2017 से अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना और डीजीपी डीएस चौहान सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी चौहान ने पौधा देकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का स्वागत किया। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने उप मुख्यमंत्री पाठक का स्वागत किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल का हिस्सा बनने के लिए मैं आपका दिल से अभिनंदन करता हूं। आप सब सौभाग्यशाली हैं कि नियुक्ति पत्र प्राप्त के दौरान आपको प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वचन मिला। योगी ने कहा कि 2017 में डेढ़ लाख से अधिक कार्मिकों की जगह रिक्त थी।

## मूसेवाला मर्डर के दो आरोपियों की जेल में हत्या

**लुधियाना/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में शामिल 2 बदमाश जेल में हुई गैंगवार में मारे गए। पंजाब में तरनतारन जिले की गोइंदवाल जेल में रविवार को बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें बदमाश मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना की मौत हो गई। एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि तीनों के सिर पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। तरनतारन के इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. जगजीत सिंह ने कहा कि दोपहर में जेल से लाए गए तीन घायलों में से दो की अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मारा गया गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान सिंगर मूसेवाला की हत्या की दौरान स्टैंडबाय शूटर के तौर पर मौजूद था। वह जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मेंबर था।



### गैंगवार में मारे गए

= जग्गू और लॉरेंस के गुर्गों में गैंगवार, मामूली बहस पर चले धारदार हथियार, एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर

**कैदियों से कहासुनी हुई, फिर हिंसा में दोनों की जान गई**
शुरूआती जानकारी के मुताबिक, गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान की जेल में कैदियों के साथ किसी बात को लेकर झड़प हुई थी।

**मिशन 2024** भाजपा का महिला मोर्चा केंद्र की योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संपर्क कर व्यापक अभियान शुरू करेगा

## लोकसभा चुनावः भाजपा की नैया पार लगाएगा 'महिला मोर्चा'


**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**2024 भाजपा को अगले साल आम** चुनाव में जीत दिलाने के लिए 'महिला मोर्चा' को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा का महिला मोर्चा सोमवार से देशभर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संपर्क कर व्यापक अभियान शुरू करेगा।

**हर जिले में 10 महिलाएं होंगी सम्मानित:** महिलाओं से जुड़ने की कोशिशों के तहत पार्टी सदस्यों ने एक साल में लाभार्थियों के साथ एक करोड़ सेल्फी लेने का लक्ष्य रखा है। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रमुख वनती श्रीनिवासन ने कहा कि पार्टी की महिला शाखा अगले महीने भाजपा की दिवंगत दिग्गज नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक पुरस्कार समारोह भी शुरू करेगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 10 महिलाओं को हर जिले में सम्मानित किया जाएगा।



**योजनाओं के लाभों के बारे में बताया जाएगा:** वनती ने कहा कि सेल्फी की कवायद महिलाओं से जुड़ने की पार्टी की कोशिशों का हिस्सा है। पार्टी की महिला विंग की सदस्य हर जिले में महिला मतदाताओं से संपर्क करेंगी उन्हें आवास से लेकर रसोई गैस, शौचालय और बैंक खाते खोलने जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में बताएंगी।

**नमो ऐप पर डाली जाएंगी सेल्फी:** श्रीनिवासन ने कहा कि अगर कोई महिला सरकार की किसी भी योजना से लाभान्वित हुई होंगी, तो पार्टी के सदस्य उनके साथ एक सेल्फी लेने का अनुरोध करेंगे और उसे नमो ऐप के जरिए डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य योजनाओं के बीच इन योजनाओं को लोकप्रिय बनाने में भी मदद करेगा।



# हिमाचल प्रदेश में अब सभी सरकारी विभागों में केवल इलेक्ट्रिक वाहन ही खरीदे जाएंगे

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

प्रदूषणमुक्त परिवहन सेवाओं को प्रोत्साहित करके क्लीन हिमाचल, ग्रीन हिमाचल के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने का निर्णय लेकर पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। किफ ायती, सुविधाजनक और बिलकुल प्रदूषण रहित है इलेक्ट्रिक वाहन प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने इस दिशा में न केवल बड़े निर्णय लिए हैं, बल्कि इनको अमलीजामा पहनाने के लिए तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना और अन्य आवश्यक ढांचागत विकास के लिए भी धरातल पर बहुत ही तेजी से कार्य सुनिश्चित किया है।



इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं विशेषकर चार्जिंग स्टेशनों के संबंध में परिवहन विभाग सभी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। आने वाले समय में सरकार हिमाचल के 6 बड़े मुख्य मार्गों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित करने जा रही है। फ ोरलेन एवं डबल लेन नेशनल हाईवेज सहित ये 6 मुख्य मार्ग प्रदेश के लगभग हर जिले को कवर करेंगे। इसलिए इन मार्गों पर प्राथमिकता के आधार पर पर्याप्त चार्जिंग स्टेशनों के लिए स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं।

**एक बार चार्ज करने पर 300 किलोमीटर तक सरपट दौड़ रही है गाड़ी**

जिला हमीरपुर में भी इसकी शुरूआत हो चुकी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हमीरपुर के लिए तो इलेक्ट्रिक वाहन भी आ चुका है। प्रदेश सरकार के निर्णय के अनुसार अब सभी सरकारी विभागों में केवल इलेक्ट्रिक वाहन ही खरीदे जाएंगे और पेट्रोल एवं डीजल वाहनों को चरणबद्ध ढंग से धीरे-धीरे बाहर कर दिया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को प्रदान किया गया इलेक्ट्रिक वाहन काफी किफ ायती, सुविधाजनक और बिलकुल प्रदूषण रहित है। एक बार फुल चार्ज करने के बाद यह वाहन 300 किलोमीटर तक आसानी से चलाया जा सकता है। यह वाहन आजकल सभी लोगों के लिए आकर्षण का का केंद्र बना हुआ है और एक बार चार्ज करने के बाद 300 किलोमीटर तक सरपट दौड़ रहा है।

**हमीरपुर में मुख्य मार्गों पर चार्जिंग स्टेशनों के लिए चिह्नित किए गए हैं स्थान**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढने.की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए स्थान भी चिह्नित कर दिए हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक विभाग ने जिला हमीरपुर के प्रवेशद्वार उखली और बड़सर गलू, बड़सर, मोरसू सुल्तानी, हमीरपुर बाईपास खाला, रंगस, नगारडा और नादौन सहित आठ स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए जगह चिह्नित की हैं।

# ग्राम पंचायत कुशवा और खरगा में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रामपुर बुशहर/लिहांटू**

एसजेवीएन (रामपुर जल विद्युत स्टेशन) द्वारा सी एस आर नीति के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुशवा में 24 फरवरी, 2023 को और ग्राम पंचायत खरगा के खरगा गांव में 25 फरवरी, 2023 को ओपन हैंडज वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एंव जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन स्वास्थ्य शिविरों का विधिवित शुभारंभ कौशल्या नेगी, उप महाप्रबन्धक, सीएसआर विभाग, रामपुर एचपीएस, बायल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने इन शिविरों में आए लोगों को इस शिविरों से भरपूर लाभ उठाने हेतु आहवान किया और बताया कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को घर-द्वार स्वस्थ्य सेवाऐं प्रदान करना है। इस अवसर पर रवि चन्द्र नेगी, कार्यकारी



निदेशक/परियोजना प्रमुख, ने कहा कि एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नन्द लाल शर्मा तथा निदेशक कार्मिक( अध्यक्षा एसजेवीएन फॉउडेशन) गीता कपूर के दिशा निदेर्शों के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में समय-समय पर विभिन्न जागरूगता और निःशुल्क स्वास्थय जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इन शिविरों में हडडी रोग विशेषज्ञय डॉ. रिक्की एंव शिव आनंद, स्त्री रोग विशेषज्ञय डॉ. शीतल तथा सामान्य रोग विशेषज्ञय प्रदीप नेगी ने कुल 458 लोगों, जिसमें 224 पुरूषों एंव 234 महिलाओं के स्वास्थय की जांच की और निशुल्क दवाइयॉ भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक, अमित कुमार, सीएसआर विभाग और ग्राम पंचायत कुशवा के प्रधान कैलाश ब्रामटा, ग्राम पंचायत खरगा के प्रधान नेसू राम विमल, उप प्रधान दिनेश ठाकुर तथा ओपन हैंडज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जगत गौतम शर्मा एंव विशेष सलाहकार, अजय गुप्ता और ऊषा गुप्ता हैल्थ एजुकेटर सिविल अस्पताल निरमण्ड आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य सरकार पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध

**शिमला/चमन शर्मा**

सुशासन के लिए संवेदनशीलता और पारदर्शिता नितांत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के लोगों को कई बार आश्वस्त करते हुए ये शब्द दोहरा कि वर्तमान सरकार के लिए सुशासन महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने प्रदेश में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए सरकार के कामकाज में पारदर्शिता, निष्पक्षता रखने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के स्थानांतरण को विनियमित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत-2013 को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया है। यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है कि अधिकारियों की कुछ श्रेणियों को उनके गृह जिलों या आस-पास के क्षेत्रों में तैनात नहीं किया जा सकता। जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और सरकारी अधिकारी बेहतर कार्य करना सुनिश्चित करते हैं। इसमें अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों, हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं, हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा, हिमाचल प्रदेश वन सेवा, सभी जिला स्तर के अधिकारी और उनके समान अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी,राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी, निरीक्षक, उप निरीक्षक पुलिस विभाग के सहायक निरीक्षक, जिला न्यायवादी, उप-जिला न्यायवादी की तैनाती उनके गृह जिलों में नहीं की जा सकती। इसके अतिरिक्त, मार्गदर्शक सिद्धांत-17 के अनुसार अन्य श्रेणियों के अधिकारियों और विभिन्न पदों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके गृह जिलों, मंडलों, उपमंडलों, रेंज के आसपास के क्षेत्र ब्लॉक बीट और सर्कल आदि में तैनात नहीं किया जाता हैं। मार्गदर्शक सिद्धांत 2013 का पालन सरकारी कार्यालयों में बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करेगा, जिससे बिना किसी अनुचित पक्षपात के साथ आम आदमी को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने सार्वजनिक व्यावहार में सीधे तौर पर शामिल 21 श्रेणियों के अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर तैनाती संबंधित क्षेत्राधिकार में भूमि, भवन और अचल सम्पति खरीदने पर रोक लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ऐसे अधिकारियों को कार्यभार छोड? के 2 वर्ष की अवधि के भीतर सम्पति खरीदने पर भी रोक लगाई गई है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दोनों निर्णयों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि राज्य सरकार राज्य के लोगों को पारदर्शी और जबावदेह प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमनें भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है और अब अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्य शिक्षकों की रोकी गई इंक्रीमेंट जल्द हो बहाल :जगदीश शर्मा

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में तैनात मुख्य शिक्षकों को पदोन्नति पर दी जाने वाली इंक्रीमेंट यथाशीघ्र बहाल करने को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की है। संघ के राज्य अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्य शिक्षकों को पदोन्नती पर दी जाने वाली इंक्रीमेंट जो की जेबीटी शिक्षक की 25-25 साल की सेवा उपरांत मुख्य शिक्षक बनने पर मिलती थी, जिसे जनवरी 2022 को लागू वेतनमान में छीना गया है उसको को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए। इसके अलावा जेबीटी शिक्षकों के वेतनमान में भारी विसंगति है व राइडर पर रहे शिक्षकों पर कोई स्पष्ट निर्देश न होने के कारण 2016 के उपरांत नियमित जेबीटी शिक्षक नए वेतनमान के लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि संघ के महिला विंग की अध्यक्षा अनुराधा मोहिल, महामंत्री संजय पीसी, कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, महालेखाकार राजेश गुप्ता, संयुक्त सचिव राकेश पटियाल, मुख्य सलाहकार देशराज शर्मा, मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा, प्रदेश संयोजक व जिला बिलासपुर के अध्यक्ष रमेश शर्मा अखिल भारतीय प्राथमिक संघ के सचिव अशोक शर्मा जिला मुख्य संरक्षक शमशेर व मुख्य संरक्षक राम सिंह राव ने कहा है कि शीघ्र ही संघ का प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री रोहित ठाकुर से मिलेगा व उन्हें अपनी मांगों से अवगत करवाएगा।

# बेला पंचायत में बताईं कौशल विकास की योजनाएं

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने संकल्प स्कीम के तहत शनिवार को विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत बेला में एक कौशल कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आईटीआई रैल, जिला रोजगार कार्यालय, कौशल विकास निगम और अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में आरसेटी के निदेशक रजनीश कुमार, आईटीआई रैल के ग्रुप



इंस्ट्रक्टर विजय कुमार, बागवानी विकास अधिकारी डॉ. निशा मैहरा, कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ सुरेश धीमान, विकास खंड अधिकारी कार्यालय नादौन की एलएसडीओ मीना शर्मा, उद्योग प्रसार अधिकारी मनदीप कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा चालकों के साथ मीटिंग कर दिए सख्त निर्देश

**नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में डीएसपी कार्यलय में पुलिस द्वारा यातायात प्रभारी व ई-रिक्शा चालकों के साथ मीटिंग के आयोजन किया गया। इस मीटिंग ई-रिक्शा चालको को हिदायत डि गई कि वह यातायात नियमों का पालन करें तथा बद्रीपुर चौराह, बांगरन बाईपास चौराह व विश्वकर्मा चौराह के पास अधिक्तर ई रिक्शा चालक बिना चौक पार किए अपने रिक्शे को एकदम टर्न कर देते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ रही है। डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने निर्देश देते हुए कहा की अगर भविष्य में ई-रिक्शा चालक



इस प्रकार गलत टर्न करते हुए मिलते है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा इसके साथ-साथ ई रिक्शा चालकों को यह भी निर्देश दिए गए कि आप अपने रिक्शे को बाजार के अंदर न ले जाए जिससे आम जनता के आवागमन में कोई समस्या न हो। इसके साथ ई-रिक्शा युनियन के प्रधान को यह भी निर्देश दिए गए की पांवटा साहिब शहर में कितने ई रिक्शा चल रहे है उनकी सूची तैयार करके पुलिस को दे। ई-रिक्शा चालकों ने यह भी बतया कि पुलिस द्वारा उनके रिक्शे को विश्वकर्मा चौक पर पार्क नही होने दिया जा रहा है जो उनकी इस समस्या का जल्द ही समाधान करके वहां पर शीघ्र ही उनके रिक्शे का पार्क करने किए पार्क जगह चयनित की जाएगी। इसके अतिरिक्त डीएसपी रमाकान्त ठाकुर द्वारा ई-रिक्शा चालको को उनकी समस्या के बारे भी पूछा गया तथा बताया गया कि अगर कोई समस्या ट्रैफिक से सम्बधित हो तो वह बताए उनकी समस्या का उचित निपटारा किया जाएगा।

# राज्यपाल ने राजनाथ सिंह से भेंट की



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ उपस्थित थीं। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पत्नी सावित्री सिंह को हिमाचली टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

## स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के तहत सफाई व पौधारोपण किया

**गोहर/सुभाग सचदेवा**

संत निरंकारी मिशन मंडल गोहर द्वारा आज स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत आज गोहर के साथ लगती ज्युणी खड्ड के जल स्त्रोत की सफाई की। जिसमें संत निरंकारी मिशन मंडल गोहर के प्रमुख हेतराम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इस स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम की अध्यक्षता नाचन के विधायक विनोद कुमार ने की।

इस मौके पर ज्युणी खड्ड में सफाई की गई और कूड़ा कचरा और पॉलिथीन एकत्रित कर जलाकर नष्ट किया गया।

# सुख की सुखु नहीं दुख का भंडार बनी कांग्रेस सरकार,सतौन वासी कोस रहे मुख्यमंत्री को



**नाहन/एसपी जैरथ**

प्रदेशभर में खोले गए सरकारी संस्थान बंद करने से हजारों लोगों की दिक्कतें बढ़ गईं हैं। उन्हें घरद्वार पर मिलने वाली सुविधाओं से महरूम होना पड़ रहा है। सतौन में दशकों पुरानी मांग के बाद खुली उपतहसील बंद करने से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। यहां नायब तहसीलदार की तैनाती भी हो गई थी और कामकाज को भी गति मिलने लगी थी। नई सरकार के सत्ता में आते ही इस संस्थान को बंद कर दिया। अब लोगों को फिर से कामकाज के लिए 12 किलोमीटर दूर कमरऊ तहसील के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे सतौन और साथ लगती लगभग आठ पंचायतों की हजारों की आबादी प्रभावित हो रही है। पूर्व भाजपा सरकार ने सतौन उपतहसील सहित पांच पटवार सर्कल और दो कानूनगो कार्यालयों का उद्घाटन 11 अक्तूबर, 2022 को किया था। पंचायत घर में उपतहसील कार्यालय खोला गया। जहां नायब तहसीलदार ने भी पदभार संभाल लिया था। यहां लोगों को प्रमाण पत्र भी जारी होने लगे थे। ऐन वक्त पर नई सरकार ने अधिसूचना जारी कर इस कार्यालय समेत पटवार सर्कल व कानूनगो कार्यालय भी बंद कर दिए। ग्रामीणों को अब दोबारा राजस्व और अन्य कार्यों के लिए सतौन से कमरऊ तहसील जाना पड़ रहा है। नए खोले गए संस्थान से सतौन सहित भजौन, पोक्का, चांदनी, कठवार, सखौली, कोडगा और कांटी मशवा पंचायत को लाभ मिलना था। चांदनी, पोक्का, कुनैर धमौन, कांटी मशवा और सखौली में पटवार सर्कल खोले गए थे। इसके अलावा भजौन और सतौन में कानूनगो दफ्तर खुले थे। बहाल की जाए सुविधा सतौन में उपतहसील खुलने से दूरदराज के गांव कठवार, कोडगा, सखौली, पोक्का, धमौन जैसे गांवों को सुविधा मिली थी।

# भाजपा विधायक रीना कश्यप ने दे दी आंदोलन की चेतावनी

**नाहन/एसपी जैरथ**

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रीना कश्यप ने वर्तमान सरकार द्वारा अभी हाल ही में सत्ता में आने के बाद पूर्व सरकार द्वारा सराहां नागरिक अस्पताल का दर्जा बढ़ा कर 100 बिस्तर का करने जिसके लिये गत वर्ष अधिसूचना भी जारी कर दी गई है को रद्द करने पर गहरा रोष व्याप्त किया है। सराहां में इलेक्ट्रिसिटी डिवीज? को बंद करने व इलाके के अन्य कई संस्थानों को बंद करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है तथा सरकार को चेतावनी दी है कि जनहित में इन्हें जल्द से जल्द



बहाल किया जाय। वरना यहाँ के लोगो को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा और यदि आवश्यक हुआ तो उच्च न्यायालय की शरण मे अपने हितों की रक्षा करने के लिये जाना पड़ेगा। यहाँ आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि आज सराहां में भाजपा मंडल पच्छाद की बैठक हुई जिसमें संस्थानों को बंद करने के सरकार के फैसले के विरोध में हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढकर लोगों से भाग लेने की अपील की गई। उन्होंने मांग की कि पच्छाद जिन रूटों पर बस सर्विस बंद की उसे भी पुनः बहाल किया जाय।उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि अभी सरकार द्वारा विधायक निधि का पैसा जारी नही किया गया जिससे इलाके के विकासात्मक कार्य रुके हुए है।इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र नेहरू, कृषि विपणन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बलदेव सहित कई मौजूद थे

# जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में 11 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**नाहन/एसपी जैरथ**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश के सभी जिला न्यायालय व अधीनस्थ न्यायालय में 11 मार्च, 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के अध्यक्ष आरके चौधरी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिरमौर एवं सचिव माधवी सिंह ने यह जानकारी दी है।उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में मामलों का निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक चेक बाउंस के मामले, श्रम कानून,बैंक लोन, बिजली व पानी बिल भुगतान के मामल, राजस्व मामले, भूमि अधिग्रहण एवं समाधेय अपराध समेत कई प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। इन्हीं निदेर्शों के अनुसार जिला न्यायालय सिरमौर स्थित नाहन, न्यायालय परिसर पांवटा साहिब, राजगढ़ एवं शिलाई में भी राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन 11 मार्च 2023 को किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के अध्यक्ष आरण्केण्चौधरी ने आम जनता से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें

# कांगड़ा की ऑर्गेनिक ऊन की पहुंच पश्चिमी बाजारों तक

**शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश में भेड़ पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका का अभिन्न अंग है। प्रदेश के छोटे और सीमांत किसानों ने कृषि के साथ-साथ भेड़ पालन को अपनाकर अपनी आमदनी में वृद्धि की है। राज्य के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के किसानों के लिए भेड़ पालन जीवनयापन का प्रमुख जरिया है। प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा गाय और भैंस के दूध तथा गाय के गोबर इत्यादि की खरीद के लिए हाल ही में लिए गए किसान हितैषी निर्णयों में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिल रही है। अब भेड़ पालकों को लाभान्वित करने के लिए भी विभिन्न उपायों पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में प्रमुख रूप से गद्दी और रामपुर बुशहरी नस्ल का पालन किया जाता है। गद्दी नस्ल की भेड़ चंबा, कुल्लू, कांगड़ा और मंडी जबकि रामपुर बुशहरी नस्ल किन्नौर, रामपुर और शिमला में पाई जाती है। राज्य में वर्ष 2019 में की गई पशुधन गणना के अनुसार राज्य में कुल 7,91,345 भेड़ें हैं जिसमें विदेशी नस्ल की संख्या 72821 है और स्वदेशी नस्ल की 7,18,524 भेंड़ें है। भेड़पालक ऊन, पशु, मांस, खाद और दूध इत्यादि उत्पादों की बिक्री के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। भेड़पालकों के हितों की रक्षा के लिए राज्य की शीर्ष सहकारी संस्था हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। तकनीकी और यांत्रिक उपकरणों के माध्यम से भेड़ की ऊन निकालने की सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ भेड़पालकों से ऊन की खरीद के लिए 133.39 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड भी बनाया गया है। बाजार



को ध्यान में रखते हुए ऊन का 125 से 150 मीट्रिक टन प्रापण किया जाता है। इसके लिए भेड़ पालकों को मौके पर भुगतान भी किया जाता है। हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में कुल 15.50 लाख किलोग्राम ऊन का उत्पादन किया जाता है, जिसके आधार पर प्रति भेड़ लगभग 1.9 किलोग्राम का उत्पादन होता है। सफेद ऊन की दर 71.50 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 34.10 रुपये प्रति किलोग्राम और काली ऊन 45 रुपये प्रति किलोग्राम से 25.50 रुपये प्रति किलोग्राम है।

हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन भेड़पालकों को भेड़ों की क्रॉस-ब्रीडिंग प्रक्रिया अपनाने और वस्त्र उद्योग की मांग के अनुसार परिधान निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली ऊन उत्पादित करने के लिए के लिए प्रेरित करती है। हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन राज्य के भेड़ पालकों को 11 रुपये से 13 रुपये प्रति भेड़ तक की रियायती दरों पर उपकरणों द्वारा भेड़ की ऊन निकालने की सुविधा भी प्रदान कर रहा है। उपकरणों के माध्यम से भेड़ की ऊन निकालने से समय की बचत होने के साथ यह पशु के स्वास्थ्य के अनुकूल भी होती है। यह सुविधा प्रशिक्षित और अनुभवी भेड़पालकों की मदद से प्रदान की जा रही है। गुणवत्ता के लिहाज से विशिष्ट पहचान रखने वाली हिमाचली ऊन की मांग बाजारों में निरंतर बढ़ रही है। हिमाचली ऊन प्रदेश के विभिन्न भागों के साथ-साथ पश्चिमी बाजारों की आवश्यकताओं को भी पूरा कर रही है। प्रदेश के निजी हितधारक भी राज्य के कुछ हिस्सों में हिमाचली ऊन के जैविक प्रमाणन और अन्य प्रमाणन जैसे आरडब्ल्यूएस रिस्पॉन्सिबल वूल स्टैंडर्ड्स में निवेश कर रहे हैं।

चंबा जिले के होली के गांव देओल के प्रगतिशील भेड़पालक जय सिंह ने बताया कि वह वूल फेडरेशन को लगभग 900 से 1000 किलोग्राम क्रॉसब्रीड ऊन 85.80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय करते हैं। वूलफेड की ऊन निकालने की टीमें भरमौर में उनकी भेड़ों की ऊन निकालने में मदद करती है।

# मुख्यमंत्री ने कांग्रेस शासित राज्यों से हिमाचल की तर्ज पर इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने का आह्वान किया

**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन नीति को सफलतापूर्वक लागू कर रही है।
इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से डीजल और पेट्रोल वाहनों से निकलने वाले धुएं से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कांग्रेस शासित सभी राज्यों से इलैक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का आह्वान भी किया।
उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से हिमालयी वनस्पतियों और जीवों को संरक्षित करने के साथ-साथ हिमालय के ग्लेशियरों के घटने को कम करने में भी मदद मिलेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे



शहरों में हवा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ.साथ भारत की विदेशों से तेल आयात पर निर्भरता कम करने के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जीवाश्म ईंधन आधारित वाणिज्यिक वाहनों के बेड़े को भी चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। सरकार राज्य में हिमाचल पथ परिवहन निगम बसों के पूरे बेड़े को चरणबद्ध तरीके से ई-बसों से बदलने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक राज्य पूरी तरह से ई-वाहनों को अपना लेगा।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छत्तीसगढ़ स्थित नवा रायपुर में आयोजित किए जा रहे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महाधिवेशन में भाग लेने के लिए अधिवेशन स्थल तक इलेक्ट्रिक वाहन का ही उपयोग किया।हाल ही में ब्रिटिश उच्चायोग बीएचसी, जलवायु परिवर्तन नीति की प्रमुख एरीना कोसाक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनसे इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्हें डीजल और पेट्रो वाहनों को पूरी तरह से बिजली से बदलने के सरकार के संकल्प के बारे में भी अवगत कराया।

## राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से भेंट की



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश से संबंधित विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा भी की।


## विजय शर्मा बने प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष



**ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ का चुनाव रविवार को ध्यूंसर सदाशिव मंदिर के परिसर में मदन राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विजय शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ प्रमुख की जिम्मेवारी धीरज शर्मा को दी गई। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल पराशर व प्रवीण शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा व संजय पटियाल, महासचिव रजनीश गुलेरिया, वित्त सचिव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी सीता राम वालिया व प्रैस सचिव संजीव चौहान को चयनित किया गया। संगठन सचिव में राजिंद्र सेन, प्रवेश शर्मा, हरिपाल, नीलम कुमारी, अमित मेहता, गोपाल कृष्ण, मुकेश कुमार, संगीता रानी व मुख्य संगठन सचिव अशोक शर्मा को नियुक्त किया गया। इसके अलावा सदस्यों में राकेश वर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, राकेश कुमार, जितेंद्र कटोच, अनीता राणा, अमर कश्यप को सदस्यों के रूप में चुना गया। इस मौके पर जिला सहकारी संघ के प्रधान प्रवीण शर्मा, सचिव भाग सिंह, सचिव संजीव रनौत, अजय कुमार, मंजीत सिंह, अंशु शर्मा व सीमा शर्मा सहित प्रदेश भर के काफी सदस्य मौजूद रहे।

# शहर में पढ़े लिखे लोग भी पीछे नहीं है खुले में कचरा फैंकनें में

**नाहन/एसपी जैरथ**
शहर में पढ़े लिखे लोग भी खुले में कचरा फेंकना में पीछे नहीं है। आरोप है कि यह बुद्धिजीवी वर्ग सिस्टम को कोसने में कोई कसर नही रखे हैं। पर्यावरण व प्रदूषण जैसे विषयों को लेकर भाषण भी झाड़ रहे है। लेकिन अपने घरों से निकलने वाले कचरे को नप के वाहनों को नही दे रहे हैं ओर अपने घरो के आसपास सडकों व गलियों में फेंक देते हैं। यही वजह है कि आज नगर परिषद की डोर टू डोर गारेबज स्कीम की झटका लग रहा है। जबकि नगर परिषद स्कीम के तहत बेहतर काम कर रही है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि लोगों को गिला सुख कचरा अलग अलग नही देते, लोग कहते हैं कि



हमारे पास इसके लिए टाइम नही है। सफाई क र्मचारियों को फ टकारने लगते हैं। और किसी का ध्यान नहीं है। सर्किट हाउस में आये दिन वीआइपी लोगों का आना जाना लगा रहता है। उधर नगर परिषद के अपने ही सफ ाई कर्मी कचरा प्रबंधन करने में ढील बरततें है कचरे को दाऐं बाऐं टिकाने लगा रहे है। गिला सूखा एक साथ कचरा प्रबंधन नही करते लोग नगर परिषद कई साल से लोगों से आग्रह कर रही है कि लोग अपने घरों से गिला व सूखा कचरा अलग बैग में भर कर दिया करें। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। पहले तो लोग नप को वाहन में डस्टबिन के जरिए गिला सूखा एक साथ फेंक रहे। कुछ लोग एक बैग में भरकर ला रहे है।

# जेबीटी टैट पास के विविध श्रेणियों में 46 पद भरे जाएंगे

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी ने जानकारी दी है कि उप-निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा विभाग मंडी जिला में 46 जेबीटी टैट पास के विविध श्रेणियों में बैच वाइज आधार पर पद भरने जा रहा है। बताया कि ये पद अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे। इनमें सामान्य अनारक्षित वर्ग में 15 पद साल-2007 बैच केए सामान्य में आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग में छः पद साल 2011 बैच के, सामान्य वर्ग में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों का एक पद, अनुसूचित जाति में 8 पद साल 2011 बैच के, अनुसूचित जाति में गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग के 2 पद साल 2020 बैच के, अनुसूचित जाति में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों का एक पद, अन्य पिछड़ा वर्ग में 8 पद साल 2011 बैच के, अन्य पिछड़ा वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग के 2 पद साल 2020 बैच के, अनुसूचित जनजाति के 2 पद साल 2013 बैच के तथा अनुसूचित जनजाति में गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग का एक पद भरे जाएंगे।
उन्होंने बताया कि मंडी जिला में ये पद बैच वाइज आधार पर भरे जाएंगे। बताया कि जिला के संबंधित आवेदक अधिक जानकारी के लिए आगामी 2 मार्च तक अपने जनदीकी रोजगार कार्यालय से संपर्क करें।

# बाबा पूजा सराय में बाबा बाल जी महाराज ने दिया आशीर्वाद

**ऊना/राजन पुरी**
नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर 9 की बाबा पूजा सराय में रविवार को एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत श्री बाबा बाल जी महाराज ने अपनी पावन उपस्थिति दी। कार्यक्रम में पहुंचते ही मुख्य आयोजक नरिंदर सिंह सैनी सहित सभी उपस्थित भक्तजनों ने पुष्प वर्षा करते हुए श्री बाबा बाल जी महाराज का सत्कार किया और फूलों से सजे हुए रास्ते से उन्हें मंच तक ले गए। भक्तजनों ने बाबा जी के चरणों में नतमस्तक होकर उनका



आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत श्री बाबा बाल जी महाराज ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा से स्थानीय प्रभु प्रेमियों को निहाल किया। इस अवसर पर नरिंदर सिंह सैनी, सतीश कौशल, दविंदर सैनी, सुशांत सैनी, लक्ष्मण सैनी, पूर्ण चंद कौशल, राम मूर्ति सैनी, गुरदीत सिंह सैनी, प्रवेश कौशल, पवन कौशल, सुभाष सैनी, दरबारा सिंह सैनी आदि सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे।

# दर्शकों के सिर चढ़ बोला नाटक अथश्री किन्नर कथा का जादू



**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
अंतराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव-2023 के तहत आोजित किए गए नाट्योत्सव की अंतिम संध्या में तीन नाटकों का मंचन किया गया। जिनमें मैं जिंदा हूं, आखिरी खत और अथश्री किन्नर कथा नाटकों का मंचन शहर की रंगकर्म को समर्पित संस्थाओं जागृति कला मंच, संवाद युवा मंडल और नव ज्योति कला मंच के कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से यह साबित कर दिया कि मंडी को यूं ही प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी नहीं कहा जाता है। जागृति कला मंच द्वारा प्रस्तुत नाटक में एक व्यक्ति को अपने को जिंदा साबित करने के लिए अदालत में कानूनी जंग लडनी पड़ती है। जिसे उसके छोटे भाई ने कुंभ की भीड़ में मरा घोषित कर उसका मुत्यू प्रमाणपत्र तक बनवा लिया था। वहीं उसके भाई द्वारा जायदाद के लालच में अपनी भाभी को भी मानसिक रोगी और चरित्रहीन साबित करने की कोशिश की गई। यह नाटक देश की न्याय प्रणाली पर सवाल उठाता है। वहीं पर दूसरा नाटक संवाद कला मंडल की ओर से प्रस्तुत आखिरी खत घटनाप्रधान नाटक है। जिसमें पढ़ लिखकर जवान बेटा अमेरिका चला जाता है है। उसके पास अपने बूढ़े मां.बाप के लिए कोई समय नहीं होता। यहां तक कि उसकी मां के मरने पर वह अपने बाप को लाश का अंतिम संसकार कर देने की बात करता है। आखिर बाप की जिद के चलते वह घर लौट आता है तो उसका बाप भी आत्महत्या कर लेता है। ताकि वह दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ कर सके और उसे अमेरिका से बार बार न आना पड़े। वहीं पर नव ज्योति कलामंच की ओर से प्रस्तुत नाटक अथश्री किन्नर कथा बहुत ही भावपूर्ण नाटक रहा। जिसका जादू दर्शकों के सर चढ़ कर बोला।

# आने वाले समय में भाजपा लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी :सरोज पांडे

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने हिमांचल के घुमारवीं विधानसभा के जगन पैलेस मे 'बूथ सशक्तिकरण अभियानइ में प्रदेश प्रभारी के रूप में प्रदेश बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल एवं प्रदेश महामंत्री और विधायक त्रिलोक जमवाल भी उपस्थित रहे। बैठक की प्रस्तावना बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रदेश संयोजक संजीव कटवाल द्वारा रखी गई और उसके उपरांत डाटा प्रबंधन के प्रदेश संयोजक कर्ण नंदा ने डाटा प्रबंधन को लेकर एक प्रस्तुति समस्त कार्यकताओं के बीच रखी। सरोज




पांडे ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है और इसी के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रए जिलाए मंडल और बूथ को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रणनीति तैयार कर ली गई है। हमें पूरा विश्वास है कि भाजपा आने वाले 2024 के आम चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। आज सभी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भी सुनी और इसकी रिपोर्टिंग भी ऑनलाइन माध्यम से की गई है।
पूरे देश में मन की बात कार्यक्रम को लेकर जनता में बड़ा जोश रहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, पर भाजपा ने भी 2 सीटें जीतकर शुरूआत की थी और आज राष्ट्र की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बनके उभरा हैं। उन्होंने कहा कि एक हार से कोई राजनीतिक दल पीछे नहीं होता, आने वाले समय में भाजपा बड़ी छलांग लगाकर लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। सरोज पांडे ने बैठक के दौरान बूथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदु कार्यकताओं के समक्ष रखें और जल्द ही यह इसी प्रकार के कार्यक्रम जिला मंडल और बूथ स्तर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में बिहारी लाल शर्मा, राजीव भारद्वाज, सुमित शर्मा, सुशील राठौर, अनिल डडवाल, रश्मि सूद, सुदेश ठाकुर, स्वतंत्र संख्यान, शिशु भाई धर्मा उपस्थित रहे।

# नकोदर से श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा गुरु रविदास मंदिर

**ऊना/राजन पुरी**
नगर परिषद संतोषगढ़ के एतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में रविवार को बड़ी संख्या में जिला कांगड़ा की तहसील फतेहपुर के गुरू रविदास मंदिर नकोदर राजा तलाब के श्रद्धालुओं का जत्था माथा टेकने पहुंचा। मंदिर कमेटी ने जत्थे का स्वागत किया और सिरोपा देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान मंदिर में सुशोभित गुरु रविदास महाराज की मूर्ति को माथा टेक श्रद्धालुओं ने मंदिर के बारे भी जानकारियां हासिल की। संगत की अगुआई कर रही मुख्य



सेवादार साबो देवी, सुरिंद्र सिंह, राय सिंह, सुनीता, जोगिंदर सिंह ने बताया कि वह इस मंदिर के इतिहास को सुनकर काफी समय से यहां आने के लिए योजना बना रहे थे।
इसके बाद श्रद्धालुओं ने चरण छोह गंगा एवं तप अस्थान खुरालगढ़ साहिब जाकर भी माथा टेकेंगे। मौके पर संतोषगढ़ गुरु रविदास मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों में वरिष्ठ उप प्रधान कश्मीरी लाल सिंघा, अमरजीत सिंघा, महासचिव बलराम महे, प्रकाश चंद, मोहन लाल, इंदरप्रीत नारियाल, पुष्पा देवी, राकेश कुमार, देश राज, सुभाष चंद, शिवानी, अनु देवी, राहुल सेहजल, अमन रूपा, नीरज, रवि सिंघा व आशु आदि मौजूद रहे।

# 14 बेटियों के जन्म पर अभिभावकों को सौंपे 31-31 हजार के चैक

## बसोली पंचायत चला रही बेटी जन्म उपहार योजना



**ऊना/राजन पुरी**
ग्राम पंचायत बसोली में लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए अनूठी पहल करते हुए बेटी जन्म उपहार योजना चलाई जा रही है। बेटी जन्म उपहार योजना के तहत रविवार को ग्राम पंचायत बसोली में जन्म लेने वाली बेटियों के परिजनों को प्रोत्साहन राशि वितरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान बसोली पंचायत में जन्म लेने वाली 14 बेटियों के परिजनों को 31-31 हजार रुपए के चैक वितरित किये गए। वहीं इसी कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बसोली ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत पंचायत क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने के लिए गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
वहीं ग्राम पंचायत बसोली में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजना के तहत सहायता राशि भी वितरित की गई। ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने ग्राम पंचायत बसोली द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने अन्य पंचायतों से भी ग्राम पंचायत बसोली का अनुसरण करने का आहवान किया।

# बल्क ड्रग पार्क के लिए केंद्र सरकार ने जारी की पहली किस्त: बिक्रम ठाकुर

## कहा, सरकार के नुमाइंदों ने पार्क को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया

**ऊना/राजन पुरी**
केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल के हरोली क्षेत्र में बनने वाले बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए पहली किशत के रूप में 225 करोड़ रुपए जारी करने पर पूर्व उद्योग मंत्री और विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने आभार जताया है। रविवार को ऊना जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का एजेंडा सदैव विकास का रहा है और उसके लिए केंद्र ने कभी भी प्रदेश में पक्ष या विपक्ष की सरकार को नहीं देखा अपितु



विकास योजनाओं को सिरे चढ़ाने के लिए अपना सर्वोत्तम योगदान दिया है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क का जब शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था, उस वक्त यही कांग्रेस ने इसे केवल मात्र चुनावी स्टंट बताती थी, लेकिन अब कांग्रेस नेताओं को इस मामले पर खुल कर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करना चाहिए।
बिक्रम सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उस वक्त कांग्रेस के नुमाइंदों ने यहां पर भालू होने की बात कहते हुए बल्क ड्रग पार्क का रास्ता रोकने के भी प्रयास किए। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि बल्क ड्रग भारत के निर्माण से देश में अब दवाओं के निर्माण को लेकर मजबूती आएगी और जिन चीजों के लिए भारत को चीन पर निर्भर रहना पड़ता है, अब वह साल्ट्स खुद भारत में बनने वाले इन तीन बल्क ड्रग पार्क में फार्मास्यूटिकल सेक्टर को मिलने वाले हैं।
इस अवसर पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती, एचपीएसआईडीसी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रोफेसर रामकुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल मौजूद रहे।

# दहेज मांगने पर पति समेत तीन पर मामला दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के तहत एक गांव की महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने व शारीरिक तौर प्रताड़ना करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि मेरी शादी 7 वर्ष पहले होशियारपुर के पंकज के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद ही इसका पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिये तंग करने लग पड़े। इतना ही नहीं मानसिक व शारीरिक तौर पर भी प्रताड़ित करने लग पड़े है।

# कृषि मंत्री ने केरल में वैगा-2023 कार्यक्रम को संबोधित किया

**शिमला/चमन शर्मा**
कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने केरल राज्य के तिरूवंतपुरम में कृषि में आय अर्जन के लिए मूल्यवर्धन वैगा-2023 विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मूल्यवर्धन विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला है जो एक उत्पाद को खेत से उपभोक्ता तक लाने में शामिल होती है। इसमें उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और वितरण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक मूल्य श्रृंखला विकसित करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि किसानों को उनके उत्पादों के उचित दाम मिलें और उपभोक्ताओं की उच्च गुणवत्ता वाले, स्थानीय रूप से उगाए खाद्य पदार्थों तक पहुंच



सुनिश्चित हो सके।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों और उद्यमियों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रेडिंग और पैकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई पहल की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनुकूल जलवायु, समृद्ध मृदा और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। प्रदेश में अनाज, बेमौसमी सब्जियां, फल, दालें, बाजरा और विदेशी सब्जियों सहित विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिए एक उपयुक्त परिवेश विद्यमान है। राज्य देश में सेब और अन्य समशीतोष्ण फ लों जैसे खुमानी, चेरी, आड़ू, नाशपाती के प्रमुख उत्पादकों में से एक है और इन समशीतोष्ण फलों विशेष रूप से सेब और अन्य बेमौसमी सब्जियों, टमाटर, लहसुन और अदरक के उत्पादन के कारण राष्ट्रीय बाजार में एक विशेष स्थान रखता है। हिमाचल प्रदेश मशरूम के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश, कांगड़ा घाटी में उगाई जाने वाली 'कांगड़ा चायइके लिए भी प्रसिद्ध है। कांगड़ा चाय अपने एंटीऑक्सीडेंट गुणों और बेहतरीन स्वाद के लिए दुनिया भर में लोकप्रिय है। यह वर्ष 2005 से भौगोलिक संकेतकों की प्रतिष्ठित सूची में भी शामिल है। प्रदेश में मक्का की खेती व्यापक रूप से की जाती है। हिमाचल प्रदेश बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। यहां विशेष रूप से टमाटर, लहसुन, अदरक, बाजरा, दालें, मिर्च, शिमला मिर्च,बीन्स, खीरे और लगभग सभी प्रकार की सब्जियां भी उगाई जाती हैं। राज्य में लगभग 18.50 लाख मीट्रिक टन सब्जियों का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने लागत कम करने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार,पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और उपभोक्ताओं के लिए रसायन मुक्त स्वस्थ खाद्यान्नों का उत्पादन करने के लिए वर्ष 2018 से प्राकृतिक खेती की पहल की।

# भुट्टी में 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत के विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने गत दिवस को लग वैली के दडका, भुट्टी में 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत के 33/11 केवी के विद्युत उप केन्द्र का लोकार्पण किया। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस विद्युत उपकेंद्र के आरम्भ होने से लग वैली की सभी 13 पंचायतों के लोग लाभन्वित होंगे और क्षेत्र के लोगों की निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।
उन्होंने कहा कि इस के आरंभ होने से लग वैली के विद्युत उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी और लग वैली कि विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ होगी।
उन्होंने ने कहा कि विद्युत प्रणाली सुधार योजना के तहत बनाये गए इस विद्युत उप केंद्र से शालंग, दलीघाट, भल्याणी व बड़ाई के



लिए 11 केवी के अलग-अलग 4 विद्युत फ ीडर निकाले गये हैं। अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल कुल्लू आरएस ठाकुर ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य का स्वागत किया। उन्होंने कुल्लू विद्युत मण्डल में विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिए किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सेसराम, बरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द ठाकुर, अधिशाषी अभियंता विधुत आयुष मिन्हास, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विनय हाजरी, सहायक अभियंता विमला बोद्ध व विमल प्रकाश, पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### अंदौरा में 1.68 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**ऊना/राजन पुरी**
स्थानीय पुलिस ने अंदौरा में 31 वर्षीय युवक को 1.68 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा है। आरोपित युवक की पहचान राहुल कुमार पुत्र गुरमेल सिंह निवासी आठवां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार करके मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंब पुलिस शनिवार देर शाम को अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन की तरफ गश्त पर थी। इसी बीच अंदौरा में पैदल जा रहा आरोपित पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने आरोपित को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से 1.68 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने चिट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

### रक्कड़ में 85 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**ऊना/राजन पुरी**
टीम ऊना ब्लड सर्विस संस्था ऊना द्वारा रविवार को रक्कड़ कॉलोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद ऊना के पार्षद अमरजोत सिंह बेदी ने मुख्यातिथि शिरकत कर स्वयं रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लवीश कपिला ने की। शिविर में लगभग 85 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। टीम के उपाध्यक्ष रमन दरोच ने बताया की शिविर के दौरान मरीजों का स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 52 मरीजों का चेकअप किया गया। इस कैंप में गैरी, विकास ठाकुर, सूरज, परमवीर, नेहा, सुनैना, रजनी, अश्वनी, पूजा, ज्योति, कृतिका, सरोज, मोहित, आशीष, अखिल, निखिल, जग्गी व प्रभजोत का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

### मायके गई महिला पर पड़ोसियों ने किया दराट से हमला

**ऊना/राजन पुरी**
थाना बंगाणा के तहत रायपुर मैदान में आपसी रंजिश के चलते महिला पर दराट व पत्थर से हमला किया है। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका सीएचसी थानाकलां में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर एक की परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में निशा शर्मा निवासी रायपुर मैदान ने बताया कि रविवार सुबह अपने मायके में थी, जहां पर भाईयों द्वारा लगाया गया काम देख रही थी। इसी दौरान पड़ोस के ही राज कुमार, मनवीर परमार, सुषमा देवी व कविता परमार मुझे गालियां निकालने लगे। इतने में सुषमा देवी ने दराट से सिर पर वार कर दिया। वहीं मनवीर परमार व कविता ने पत्थर व डंडे से मारपीट की है। मारपीट में निशा शर्मा चोटिल हुई है, जिसका पुलिस ने सीएचसी बंगाणा में मेडिकल व उपचार करवाया। एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लालसिंगी में सट्टा लगाते एक काबू

**ऊना/राजन पुरी**
सदर थाना ऊना के तहत लालसिंगी में पुलिस ने सट्टा लगाते हुए एक व्यक्ति को काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस शनिवार शाम को लालसिंगी में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जीवन किशोर निवासी चताड़ा को सट्टा व 1550 रुपये की नगदी सहित काबू किया। एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बेटी की जिंदगी बचने पर मां दंडवत होकर पहुंची मां चिंतपूर्णी दरबार

**ऊना/राजन पुरी**
जालंधर की एक महिला अपनी 6 माह की बच्ची की तबीयत पूरी तरह से ठीक होने पर मां चिंतपूर्णी के दरबार में दंडवत होकर पहुंची। मां के प्रति आस्था रखते हुए जालंधर निवासी गुरप्रीत कौर बाई चौक से मंदिर के भवन तक दंडवत होकर पहुंच माथा टेका। गुरप्रीत कौर ने बताया कि मेरी 6 महीने की बच्ची की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि डॉक्टरों ने भी भगवान के भरोसे ही जिंदगी छोड़ दी।

# मानसिक रूप से अक्षम बेटी के साथ पिता ने किया गलत काम

## मां की शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
महिला थाना ऊना के तहत एक गांव में 13 वर्षीय बेटी के साथ पिता ने गलत काम किया है। बेटी मानसिक रूप से अक्षम है। मां की शिकायत पर पुलिस ने पिता के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मां ने बताया कि मेरी बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। गत रात दो बेटे, बेटी व पति के साथ कमरे में सोई हुई थी। देर रात उठी, तो देखा कि बेटी नग्र अवस्था में थी। पूछने पर बेटी ने बताया कि पिता ने मेरे साथ गलत काम किया है। जिसके पति ने किसी को न बताने को लेकर जान से मारने की धमकी दी। मां का आरोप है कि पति ने पहले भी बेटी के साथ गलत काम किया था, जब बेटी की उम्र 7 वर्ष थी।
एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने बेटी के साथ गलत काम करने पर पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अगामी कार्रवाई की जा रही है।

# बुनकरों के लिए बनेगा फेसिलिटी सेंटर, दौलत राम ने दी जमीन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी जिला में पंडोह के साथ लगती ग्राम पंचायत तांदी के जागर गांव में बुनकरों के लिए कॉमन फेसिलिटी सेंटर बनने जा रहा है। इस सेंटर के निर्माण के लिए जागर गांव निवासी दौलत राम ने अपनी पांच विस्वा नीजि भूमि को दान में दिया है। इस सेंटर के कार्यालय का अस्थायी भवन में विधिवत शुभारंभ नाबार्ड के क्षेत्रिय मुख्य महाप्रबंधक डा. सुधांशु केके मिश्रा ने रिबन काटकर किया। उन्होंने बताया कि सरोआ हैंडलूम गैर कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से नाबार्ड ने 90 लाख 11 हजार के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत क्षेत्र की 15 पंचायतों के 566 बुनकर



लाभांवित होंगे। कॉमन फेसिलिटी सेंटर के भवन का निर्माण 35 लाख की लागत से किया जाएगा। यहां 25 आधुनिक खड्डियां लगाई जाएंगी और साथ ही धागे और तैयार माल का एक भव्य शोरूम भी बनेगा। इसके माध्यम से इन बुनकरों को वर्ष भर रोजगार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जमीन दान करने के लिए स्थानीय निवासी दौलत राम का आभार भी जताया। सरोआ हैंडलूम गैर कृषक उत्पादक संगठन के एमडी लालमन ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के पास कृषि के कम साधन हैं और यहां के अधिकतर लोग बुनकरी से जुड़े हुए हैं इसलिए अब इन लोगों की आय को बढ़ाने के लिए नाबार्ड से बड़ी सहायता मिली है। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र के बुनकरों की तकदीर और तसवीर बदलने वाली है। भूमि दान करने वाले दौलत राम ने बताया कि इस कार्य के लिए संगठन ने जब उनसे भूमि के लिए संपर्क किया तो वे जनहित के कार्य को मना नहीं कर पाए। हालांकि दौलत राम खुद एक गरीब परिवार से संबंध रखता है और लोगों को रोजगार मिलने की बात पर सडक किनारे वाली अपनी जमीन को इन्होंने हंसते-हंसते दान कर दिया। इस मौके पर नाबार्ड के जिला प्रबंधक राकेश वर्मा, मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के महासचिव भीम सिंह, संगठन के निदेशक बालक राम, धनी राम, सीमा देवी, भारती देवी और रोजी देवी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# शिवबाड़ी मंदिर में लगा विशाल भंडारा

**ऊना/राजन पुरी**
सोमेश्वर महादेव मंदिर शिवबाड़ी जोगी पंगा में हर साल की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर सोमेश्वर मंदिर में पहुंचकर माथा टेका। भंडारे के आयोजक इकबाल सिंह ठाकुर, सुषमा ठाकुर ,जंग बहादुर व किरण ठाकुर ने सुबह मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति डाली।
वही इस शुभ अवसर पर भंडारे की आयोजनकताओं द्वारा कीर्तन भजन का भी आयोजन किया गया।
जिसमें लोगों द्वारा कीर्तन भजन



का खूब आनंद उठाया । इस विशाल भंडारे में दूर-दूर से सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, तत्पश्चात भजन कीर्तन का आनंद उठाया। इस अवसर पर शिव भक्त, सुरेंद्र शर्मा, कमल, पवन, सहदेव, टिंकू, कश्मीर सिंह, नानक चंद, बलवीर चौधरी, गुरजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रामपुर में अवैध शराब सहित दो काबू

**ऊना/राजन पुरी**
मुख्यालय के साथ लगते रामपुर में पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस द्वारा अलग-अलग पर की कार्रवाई के दौरान 17 बोतल बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस ने शनिवार रात गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर में एक दुकान पर दबिश दी, जहां से संजीव कुमार निवासी रामपुर से 9 बोतल बरामद की। वहीं अन्य दुकान से पुलिस ने दुकानदार सुरेश कुमार निवासी बट्ट कलां से 8 बोतल बरामद की है।

# वार्षिकोत्सव पर रावमापा बल्ग का घाट के वच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
जिले के रावमापा बल्ग का घाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव व पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस समारोह में उनके साथ जिले के प्रमुख समाज सेवी व व्यवसायी राजेश कुमार राजू, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव डॉ हीरा पाल सिंह ठाकुर, जिला परियोजना व शिक्षा अधिकारी दीपचंद गौतम, प्रिंसीपल सीसे स्कूल पंजगाई सुरेंद्र चड्ढा, धार टटोह सीसे स्कूल के प्रिंसीपल कुलदीप सिंह, पंचायत प्रधान सुंदर राम, बीडीसी सदस्य हिरा लाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से कार्यवाहक प्रधानाचार्य वनिता धीर की अगुवाई में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रीत सिंह ठाकुर व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि और उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत किया।
कार्यक्रम से पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य वनिता धीर ने गत वर्ष में पाठशाला द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों सहित विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढी। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि पाठशाला विद्या का वह मंदिर है जहां बच्चों का भविष्य निर्धारित होता है। इसलिए अभिभावक को भी बच्चों के हुनर में गुणवता व निखार लाने, आत्मविश्वास, पहल कदमी, कड़ी मेहनत, समस्याओं का निदान, बच्चों को अधिक समय देना, बढ़ रहे नशे को लेकर बच्चों के प्रति सावधान रहना व खेल कूद प्रतियोगिता में प्रेरित करने में बच्चों का सहयोग करना होगा। स्कूल और स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई कमी नहीं, पहल है अभिभावक की। उन्होंने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों के लिए हर्षोल्लास का दिन होता है। इस दिन विद्यार्थियों को वर्ष के दौरान अर्जित उपलब्धियों को मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

# गोविंद ठाकुर ने उझी घाटी के वार्षिक समारोह में लिया भाग

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने उझी घाटी छात्र कल्याण संघ के वार्षिक समारोह के समापन अवसर पर भाग लिया
इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्रों से अपील की वोह अपनी समृद्ध व सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दें। इस दौरान छात्र छात्राओं ने खूबसूरत सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उन्होंने उझी घाटी छात्र कल्याण संघ को हार्दिक बधाई दी।



# जिलाधीश पंकज राय को वापस लाने के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं लोगः शर्मा

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
सरकार के बदलने के साथ-साथ अक्सर यह देखा जाता है कि जिलाधीशों के तबादले भी किए जाते हैं । इसी कड़ी में पंकज राय बिलासपुर का तबादला शिक्षा विभाग में किया गया। लेकिन नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यह कतई मंजूर नहीं हुआ है। पंकज राय को वापिस लाया जाए इसी को लेकर श्री नैना देवी क्षेत्र की जानी-मानी सामाजिक संस्था एक पहल वेलफेयर संस्था ने मुख्यमंत्री गुहार लगाई है। संस्था के जिला अध्यक्ष रतन सिंह चौधरी ने कहा एक तरफ तो



पंकज राय को राष्ट्रीय सम्मान देकर नवाजा जा रहा है। क्योंकि उनका कार्य और कार्यकाल संतोषजनक रहा और दूसरी तरफ उनको बदल कर शिक्षा विभाग में भेजा गया। कहा न तो हमें कभी ऐसा जिलाधीश मिला था और शायद न कोई ऐसा मिलेगा। उन्होंने ने हमारे नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और गांव वासी की मुश्किल को समझ कर उसका निपटारा करने की कोशिश की है। एक पहल वेलफेयर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर रोशन लाल ने कहा जिलाधीश पंकज राय से नैना देवी विधानसभा क्षेत्र की उन्नति की उम्मीद बनी थी। जो साक्षात्कार जमीनी स्तर पर दिख भी रही थी। लेकिन उनके तबादले से यह उम्मीद आहत हुई है। इसलिए हम मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह से आग्रह करते हैं कि पंकज राय को दोबारा बिलासपुर का जिलाधीश नियुक्त किया जाए। ताकि हमारी तरक्की और उन्नति में कोई रुकावट न आए। गांव बस्सी निर्मला देवी, अजीर्ना बेगम, वंदना शर्मा, रज्जू बेगम ने कहा है कि जब भी महिला सुरक्षा व महिला हक की बात जिलाधीश से हमने की है उन्होंने हमारी इस बात की तरफ गौर किया और निपटारा भी किया। उनके कार्यकाल में महिलाएं अपने आपको और हकवान समझने लगी थी। हम सरकार से निवेदन है करते हैं कि हमें हमारा जिलाधीश लौटाया जाए नहीं तो आने वाले समय में हम इस अभियान को सडकों पर लाने में भी गुरेज नहीं करेंगे।

# संत निरंकारी मिशन ने लठियाणी में चलाया सफाई अभियान

**ऊना/राजन पुरी**
रविवार को संत निरंकारी मिशन द्वारा विश्वभर में स्थान स्थान पर जल स्त्रोतों की सफाई अभियान चलाए गए। इसी उपलक्ष्य में लठियाणी के गोविंद सागर झील पर निरंकारी मिशन के स्वयं सेवकों ने घाट की सफाई की। सफाई अभियान का शुभारंभ एसडीएम बंगाणा योग राज धीमान ने किया। सफाई अभियान के दौरान पौधारोपण भी किया गया। इस मौके. पर पंचायत प्रधान जोगिंन्द्र शर्मा, पंचायत समिति सदस्य जोगिंन्द्र देव आर्य, पंचायत सदस्य राकेश कुमार, मिशन के



सदस्य सतीश कुमार, अमृत लाल, बीडीसी सीमा देवी व सीमा निरंकारी समेत सैंकड़ो सदस्य उपस्थित रहे।

# यादव समाज अम्बाला छावनी की शान: अनिल विज

## अम्बाला छावनी में पहले बिजली और पानी दो बड़ी समस्याएं थी, मगर इन दोनों समस्याओं को उन्होंने दूर किया: अनिल विज

**अम्बाला/मनीष कुमार**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि यादव समाज अम्बाला छावनी की शान है और एक मजबूत एवं सुसंस्कृत समाज है। अम्बाला छावनी को अच्छा शहर कहलवाने में यादव समाज का बहुत बड़ा योगदान। विज रविवार दोपहर यादव धर्मशाला में यादव सभा के वार्षिक परिवार मिलन समारोह में बतौर मुख्यतिथि समाज के सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा अक्सर संस्थाएं आपस में मिलती है, लेकिन परिवारों को आपस में कभी नहीं मिलवाते और यह कमी संस्थाओं में है। मगर, यादव सभा ने अच्छा कार्य करते हुए परिवार के लोगों, महिलाओं व बच्चों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान किया। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी





अच्छा बने इसकी पहचान हो, उसके लिए वह लोगों के सहयोग से पूर्ण कोशिश कर रहे हैं। अम्बाला छावनी में अब तक स्वास्थ्य, खेलों एवं अन्य क्षेत्रों में कई विकास कार्य हुए और विकास के मामले में अम्बाला निरंतर आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री विज ने यादव सभा को अपने कोष से दस लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले गृह मंत्री अनिल विज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर यादव सभा द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। सभा की ओर से उन्हें पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि वह पहली बार जब विधायक बने तो उन्होंने देखा कि अम्बाला छावनी में पेयजल और बिजली रूपी दो बड़ी समस्याएं थी। छावनी के जितने झगड़े होते थे, वह पानी पीने के नलके पर होते थे और दूसरा जितने प्रदर्शन होते थे वह बिजली नहीं आने के कारण होते थे। इन दोनों बातों को उन्होंने देखा और इसका समाधान किया। छावनी में ट्यूबवेल आधारित पेयजल व्यवस्था थी और जमीन का जलस्तर नियमित नीचे जा रहा था। वह 18 किमी. दूर से नहरी पानी लेकर आए और आज घर-घर में पानी पहुंच रहा है। अम्बाला छावनी का दायरा बढ़ और कुछ गांव शामिल हो गए, इस वजह से एक नई पानी की पाइप लाइन डाली जा रही है ताकि कोई समस्या न रहे। इसी तरह, बिजली समस्या पर उन्होंने अध्ययन किया तो पता चला कि अम्बाला छावनी में बिजली भाखड़ा से मिलती थी और ज्यादा लोड होने पर अम्बाला छावनी की बिजली काट दी जाती थी। कभी किसी ने नहीं सोचा कि अम्बाला छावनी को बाकि हरियाणा से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने छावनी में दो 66केवीए के सर्किट अम्बाला छावनी से शाहबाद तक लगवाए ताकि हरियाणा की बिजली भी हमारे पास आ सके। इसी तरह तेपला में 220केवीए का सब-स्टेशन लगाया जहां से अम्बाला छावनी तक बिजली की आपूर्ति की गई। अब अम्बाला छावनी में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। विज ने कहा कि अम्बाला छावनी का सिविल अस्पताल पहले टूटा-फूटा था और उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए वह सिविल अस्पताल की फाइल थी। पुराने अस्पताल में प्रतिदिन 152 ओपीडी थी, मगर सुविधाओं में इजाफा करने से आज ओपीडी 3 हजार पहुंच गई है। पहले पट्टी तक नहीं होती थी।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क पार कर रहे युवक की हादसे में मौत

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने रविवार की सुबह सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव खिटावटा निवासी भूपराम पुत्र गुलाब (25) अपने गांव से कोसीकलां कंप्यूटर की कोचिंग करने के लिए आता था। रविवार की सुबह करीब आठ बजे वह हाईवे पर टैक्सी स्टेंड के सामने से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक हो गयी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और मृतक के पास मिले कागजातों के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तीन मार्च को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेगी अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

**मथुरा।** रामकृष्ण मिशन के सेवा प्रकल्प में जल्द ही एक नया आयाम जुड़ने जा रहा है। नवनिर्मित अत्याधुनिक अन्नपूर्णा धाम का लोकार्पण तीन मार्च को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। मिशन प्रबंधन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के प्रमुख रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल द्वारा विगत करीब 115 वर्षों से नर सेवा नारायण सेवा को ध्येय वाक्य बनाते हुए सेवा के नए आयाम लगातार स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब अस्पताल के मरीजों और उनके तीमारदारों को प्रतिदिन संस्थान से वितरित किए जाने वाले भोजन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक रसोई घर और भोजन कक्ष का निर्माण किया गया है। जिसका विधिवत लोकार्पण प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा किया जाएगा। मिशन के सचिव स्वामी कृष्णकाली महाराज ने बताया कि इस अन्नपूर्णा धाम की धाम की खासियत यह है कि इसमें साधु,चिकित्सक, कर्मचारी, मरीज और उनके तीमारदार के लिए एक सा भोजन परोसा जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा लोकार्पण समारोह की तैयारिया शुरू कर दी गई है।

### वाहन ने बाइक सवारों में मारी टक्कर, दो हुए घायल

**मथुरा।** पानीगांव संपर्क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों में टक्कर मार दी। जिससे दोनो बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हे सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से संयुक्त अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जिसमे एक ही हालत बिगड़ने पर उसे रैफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गिर्राज नगर कालोनी निवासी राजू अपने साथी चंदा के साथ पानीगांव से वृंदावन की ओर आ रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसमे टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक की वह कुछ समझ पाते तब तक वाहन चालक फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची इलाका पुलिस ने उन्हें राहगीरों की मदद से संयुक्त अस्पताल में भर्ती करा दिया। घटना में घायल राजू का पैर टूट जाने से उसे रेफर कर दिया गया। जबकि उसके दूसरे साथी चंदा का चिकित्सको द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### चोरी के ट्रैक्टर के साथ पकड़ा

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीताराम पुत्र भिक्को निवासी उमराया थाना छाता को चोरी के ट्रेक्टर के साथ सेमरी अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया।

### दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना महावन पुलिस टीम ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आजाद पुत्र अनीस उर्फ सटुआ तथा सोहिल पुत्र रहीस उर्फ कुल्लू निवासी निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा व थाना महावन को तहसील के पास बनी गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया।

### 3381 लीटर शराब कराई नष्ट

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ पुलिस ने कुल 3381 लीटर शराब का विनिष्टीकरण कराया। थाना शेरगढ़ के 14 आबकारी मालों के विनिष्टीकरण के लिए गठित टीम के अधिकारी सहायक अभियोजन अधिकारी संजय कुमार, आबकारी निरीक्षक आरती, वरिष्ठ सहायक न्यायिक मजिस्ट्रेट छाता सतीश कुमार, थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार की उपस्थिति में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 14 आबकारी के मालों का विनिष्टीकरण थाना गेट के बगल में बाहर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर 2880 लीटर अंग्रेजी शराब 356 लीटर देशी शराब 145 लीटर कच्ची शराब कुल 3381 लीटर अवैध शराब गड्ढे में डालकर आग लगाकर विनिष्टीकरण कराया गया।

# चोरी में महिला को जेल भेजा




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बलदेव पुलिस को चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता मिली है। दाऊजी मंदिर में चोरी करने के आरोप में एक महिला चोर को चोरी के रुपयों सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में चोरों, लुटेरों तथा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में हैड कांस्टेबल रंजीत सिंह व महिला कांस्टेबल नीमांचल यादव ने दाऊजी महाराज मन्दिर से दर्शन करने आये श्रद्धालु की चोरी करने वाली एक महिला चोर को दाऊजी मंदिर से गिरफ्तार किया। कृष्णकांत पाण्डेय पुत्र गोपी मोहन पांडेय निवासी बीच का पैठा कस्बा वथाना बलदेव के दर्शन करते वक्त कुर्ता की साइड की जेब से 470 रुपये व आधार कार्ड चोरी हो गए थे। महिला की तलाशी में उसके पर्स में दो डिब्बी सिन्दूर, दो पत्ता बिन्दी, नौ सेफ्टी पिन एक लिपिस्टिक, एक सिन्दूर गीला एक शीशा गुलाबी रंग का एक कंघा, दो पुडिया तम्बाकू बरामद हुआ।

# अवैध शराब की तस्करी करने वालों पर अंबाला पुलिस ने कसा शिकंजा

**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक, अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान (24 बोतल) अवैध अग्रेंजी शराब, अवैध चाकू, 03 लाख 75 हजार 105 रुपए के करंसी नोट, 765 पाउण्ड इंग्लैण्ड, 49 अमेरिकन व 620 कनेडियन डॉलर व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 24 फरवरी 2023 की तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल सूद उर्फ चडडा निवासी अहलुवालिया बिल्डिंग अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 24 बोतल) अवैध अग्रेंजी शराब, अवैध चाकू, 03 लाख 75 हजार 105 रुपए के करंसी नोट, 765 पाउण्ड इंग्लैण्ड, 49 अमेरिकन व 620 कनेडियन डॉलर व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

# 270 लोगों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप देव समाज गर्ल्स कालेज (लाहौर), कपड़ा मार्कीट में लगाया गया। कैंप का 270 लोगों ने लाभ उठाया। कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई-श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में कपिल आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ तुषार गोयल ने 82 लोगों की आंखें जांचीं व उन्हें परामर्श दिया। जिन रोगियों की आंखों में



मोतियाबिंद पाया गया है उनके लैंस कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डाले जाएंगे। वहीं, मिशन(फिलाडेल्फिया) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने 26 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को चैक किया। पुरी क्लीनिक से डा. मनी पुरी ने 56 लोगों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया।

# यातायात पुलिस अम्बाला ने किए 57 भारी वाहनों के चालान

## पुलिस अधीक्षक, अम्बाला के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू अब तक 12691 भारी वाहनों के किए जा चुके चालान

**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 25 फरवरी 2023 को 57 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 294 दिनों में 12691 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के



भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज दिनांक 25 फरवरी 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 57 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# ग्रामीण बोले फ्री वाले राशन का पैसा लेता है डीलर



**मथुराः** ग्राम दौताना के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राशन डीलर फ्री का राशन देने के ऐवज में भी पैसे मांगता है। ग्राम दौताना राशन डीलर की शिकायत लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण आपूर्ति कार्यालय छाता जा पहुंचे और राशन डीलर द्वारा राशन नहीं देने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर जिन लोगों को राशन देता भी है तो घटतौली करता है। कार्ड धारकों के साथ अभद्रता के साथ बात करता है। सरकार के द्वारा फ्री में दिए जाने वाले राशन का भी पैसा ले लेता है। ग्रामीणों ने बताया कि उसके गांव में नगमा नाम से राशन की दुकान है। जिसे उसके पति मुफीद संचालित करते हैं। यह राशन डीलर गरीबों के राशन को डकार रहा है। जब से यह राशन की दुकान आई है तभी से इसकी शिकायत जारी हैं। यह डीलर अपनी मर्जी से राशन को बाटता है कोई कुछ भी इनके सामने बोलता है उसे गाली गलौज देकर भगा देता है। आपूर्ति निरीक्षक मोहन प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि आज दोताना डीलर की शिकायत लेकर लोग कार्यालय पर आए हुए हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते निष्पक्षता के साथ जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जान से मारने की धमकी देने के मामले में पाचँवा आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 24 फरवरी 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मंगल नाथ निवासी मिलाप नगर अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता विरेश शांडिल्य निवासी पालिका विहार अम्बाला शहर ने 04 फरवरी 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 04 फरवरी 2023 को किन्हीं चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसके कार्यालय पर हमला कर तोड़फोड़ करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी है।

# आप ने दिलाई संविधान की रक्षा करने की शपथ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अशोक विहार शिवजी का नगला मनीष पुरम में तिरंगा शाखाओं का आयोजन किया गया। अशोक विहार में तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने शाखा सेवियों को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई तथा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। शाखा प्रमुख देवेंद्र सैनी ने समवेत राष्ट्रीय गान गाया। डाढरा मोहल्ला के निवासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि निगम नगर निगम द्वारा पानी की पाइप लाइन में लीकेज को तो रोक दिया गया है लेकिन पीने लायक शुद्ध पानी पाइप लाइन से



नहीं मिल रहा है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस समस्या को शीघ्र ही नगर निगम के संज्ञान में लाए जाने का फैसला किया गया। इसी क्रम में बाढ़पुरा स्थित घर घर जल योजना के अंतर्गत तीन वर्ष पूर्व डाली गई पाइप लाइन में अभी तक पेयजल सप्लाई न होने से नागरिकों में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं तथा उनके द्वारा शीघ्र ही शिकायतों का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद तीन महीने से समस्या का समाधान नहीं हुआ है। समस्याओं के संबंध में शीघ्र ही निगम प्रशासन से मुलाकात कर समाधान कराने का आश्वासन जिला प्रमुख सुरेश कुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज यूथ विंग राज्य कमेटी के पूर्व सदस्य आदेश शर्मा शाखा प्रमुख अंसार शाह अल्वी दिनेश चंद सैनी अशोक माहोर अर्जुन जगदीश सैनी डालचंद माहोर जीतू सैनी सर्वेश यादव विजेंद्र कालीचरण यशोदा देवी द्रोपदी देवी विमला देवी आदि उपस्थित थे।

# प्राइमरी स्कूलों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स सप्ताह में होंगे पूरे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के कायाकल्प के संबंध में राजीव भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक निर्माण, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त स्कूल में कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी



नौहझील राज लक्ष्मी पांडे द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी चैमुंहा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी मथुरा अवगत कराई गई। कायाकल्प की सूचना में भिन्नता के दृष्टिगत सिहाना, विरहना, गांगरोली एवं बिलोड़ा के स्कूल में कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों की जांच उपायुक्त श्रम रोजगार से कराये जाने के लिए निर्देश दिए। कायाकल्प की अद्यतन सूचना सही से तैयार न करने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अद्यतन सूचना तैयार कर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। साथ ही समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैठक में आने से पूर्व कायाकल्प के अंतर्गत स्कूलों में कराए जाने वाले कार्यों की अद्यतन सूचना का अवलोकन कर पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में विकासखंड नौझील के खण्ड विकास अधिकारी ऋषि पाल को उनके द्वारा विभागीय योजनाओं और विकास खंड के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को समय से संपादित कराए जाने तथा उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का समय से अनुपालन करने के संबंध में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# वात्सल्य ग्राम में 10 डॉक्टरों की टीम ने 306 सफल ऑपरेशन किए

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वात्सल्य ग्राम स्थित प्रेमवती गुप्ता नेत्र चिकित्सालय में 48 वां निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का दो दिवसीय आयोजन चश्मा एवं औषधि वितरण के साथ संपन्न हुआ। मोतियाबिंद शिविर में 365 रोगियों का पंजीकरण हुआ जिसमें 306 मोतियाबिंद रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया। साध्वी ऋतंभरा ने मरीजों का हाल चाल लेते हुए कहा कि हम ईश्वर को नहीं देख सकते उसकी रचन में उसके दर्शन किए जा सकते हैं। इसलिए नेत्रों का हमारे जीवन में



अमूल्य महत्व है। वही डॉ. श्याम अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरीब असहाय बेसहारा लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करना है। बड़े अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा पाते ऐसे लोगों के मुंबई से 10 डॉक्टरों की टीम ने 306 सफल ऑपरेशन किए हैं। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी पुलकित खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वात्सल्य ग्राम में लगने वाले निशुल्क कैंप को देखकर लगा सच्ची सेवा का स्वरूप होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से जनपद में प्रचार किया जाएगा।

# जी 20 की तैयारियों में न बरतें कोताही: सीएम धामी

## सरलीकरण कर योजनाओं का लाभ जनता को दें : सीएम धामी, लोकल टू ग्लोबल की की ओर फोकस करने पर जोर

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी गांवों में जाकर चौपाल लगायें। समय-समय पर अधिकारी रात्रि चौपाल में जन समस्याओं का निदान करें। तहसील दिवसों का रोस्टर बनाकर नियमित आयोजन किया जाए। सरकार की चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक तत्परता से पहुंचाया जाये। इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टिहरी जनपद में जी-20 की जिन दो बैठकों का आयोजन होना है। उस समय हम अपनी सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों और विशिष्ट कार्यों में से क्या प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं, इसकी पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को वैश्विक पटल पर लाने का यह हमारे पास सुनहरा मौका है। अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा अवसर है। लोकल टू ग्लोबल की दिशा में हम क्या कर सकते है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसके लिए जनपद स्तर पर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किये जाए। 2024 तक राज्य को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों की खराब स्थिति पर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।






### डीएम और सीडीओ ने विकास कामों की दी जानकारी

**जिलाधिकारी** टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार ने जी-20 की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टिहरी में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि के जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उनको शासन को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद में क्षय रोगियों को इस रोग से मुक्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निक्षय मित्र बनाया गया है। सीडीओ मनीष कुमार ने जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा जनपद में 84 अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। 61 और अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं। जो जनपद को लक्ष्य मिला था, उससे अधिक अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यान को

बैठक में सांसद टिहरी गढ़वाल मालाराज्य लक्ष्मी शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवाण, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

**सीएम ने मिशन शतक के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित:** इस मौके पर मख्यमंत्री ने जनपद टिहरी के आदि शक्ति धाम के मोमेंटो का अनावरण किया।

## न्यूज फ्लैश

### क्लोजिंग मंथ मार्च में 5300 से ज्यादा बैंक शाखाओं में आठ हॉलिडे

**जयपुर:** वित्तीय वर्ष 2022 और 23 का समापन मार्च महीने के साथ होगा। हमेशा की तरह 31 मार्च को बैंकों के साथ व्यापारियों के खातों की भी क्लोजिंग होती है, जिसके अनुसार ही उनकी जीएसटी, इनकम टैक्स और अन्य सभी जानकारी तैयार करनी होती है। इसमें मल्टीनेशनल कंपनी से लेकर एक छोटे व्यापारी तक को जुटना पड़ता है। इसी तरह बैंकों में भी मार्च के महीने में कार्य काफी बढ़ जाता है। अपने खातों और लोन को सेटलमेंट भी लोग करते हैं। इसके साथ ही बैलेंस शीट को भी तैयार करवाया जाता है, लेकिन इस बार मार्च के महीने में आठ छुट्टियां आ रही हैं। ऐसे में क्लोजिंग के दौरान बैंक कार्मिकों के साथ व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंट क्षेत्र में कार्यरत लोगों पर भी कार्य बढ़ जाएगा, क्योंकि उन्हें इन छुट्टियों का भी कार्य दूसरे दिन करना होगा। मार्च महीना क्लोजिंग का रहता है। साथ ही इस बार बैंकों की 8 छुट्टियां हैं। राजस्थान के बैंकों में रविवार की छुट्टी 5, 12, 19 और 26 मार्च को होगी। इसी तरह शनिवार की छुट्टी 11 और 25 मार्च को है। सात मार्च को धूलंडी और 30 मार्च को रामनवमी का भी अवकाश राजस्थान के बैंकों में है। ऐसे में इस बार ये 8 छुट्टियां क्लोजिंग के मंथ में भारी पड़ने वाली हैं। राजस्थान में सभी नेशनलाइज और क्षेत्रीय बैंकों को मिलाकर 5300 से ज्यादा ब्रांचेज हैं।

### ऑनलाइन एपल वॉच मंगवा ऑर्डर कैंसल किया

**अजमेर:** ऑनलाइन आर्डर कर मंगवाई गई 10 लाख की ऐप्पल वॉच को नकली में बदलकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। अमेजॉन कंपनी के प्रतिनिधि ने दो कस्टमर व ट्रांसपोर्ट ड्राइवर के खिलाफ कंपनी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मदनगंज थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अमेजॉन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के अधिकृत प्रतिनिधि सौरभ ठठेरा ने मदनगंज थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 25 जुलाई 2021 को कंपनी के ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस पर दो ऑर्डर प्राप्त हुए। पहला आर्डर 10 एप्पल वॉच एच-13, जो पूजा केमीकल एण्ड मिनरल किशनगढ़ के अंकित का 4 लाख 99 हजार का था और दूसरा ऑर्डर 9 एप्पल वॉच जो बी-46 शॉप किशनगढ़ के नवीन का 4 लाख 49 हजार 100 रुपए का था। यह ऑर्डर कंपनी के वेयरहाउस अहमदाबाद गुजरात से चैक वैरिफाई और पैक करके ग्राहक के पते के नजदीकी सोर्टिंग सेन्टर जयपुर पर लाया गया। जहां से कंपनी के ट्रांसपोर्ट सर्विस पार्टनर एआईएम इंडिया के ड्राइवर बागचंद दारोगा को डिलीवरी के लिए सौंपा गया। ऑर्डर डिलीवरी से पूर्व ही कस्टमर द्वारा कैंसिल कर दिया गया। इसके बाद डिलीवरी पार्टनर के ड्राइवर बागचंद द्वारा प्रोडक्ट बिना डिलीवरी के ही रिटर्न किया गया। ऑर्डर के कैंसिल होने की सूचना पर कंपनी ने रिफण्ड कर दिया। ऑर्डर्स को कंपनी के अहमदाबाद के (वेयरहाउस) में पैक किया गया तो यह पाया गया कि समस्त घड़ियों को नकली घडियों से बदल दिया गया है। अंदेशा है कि एप्पल वॉच बहुत ही महंगी व कीमती है, इसलिए पूर्व में सोची-समझी साजिश के तहत गबन के इरादे से नकली घड़ियों से बदल दिया गया। ऑर्डर का कुल मूल्य नौ लाख अड़तालीस हजार एक सौ रुपए है। जिससे कंपनी को नुकसान हुआ है। पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि की रिपोर्ट पर दोनों कस्टमर अंकित व नवीन व तानिया-गागेरा, भीलवाड़ा निवासी ड्राइवर बागचंद दारोगा के खिलाफ मामला दर्ज

# आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट: वीके सिंह

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** मंत्री व सांसद वीके सिंह ने उत्तर प्रदेश के बजट 2023-24 को आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट बताया। उन्होंने कहा कि ये सरकार का सर्वहितैषी और देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्णायक व लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। वीके सिंह नेहरु नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है।

# बंगाल: भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन दोहराने की चुनौती



**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कब्जा जमाया था। इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी शिकस्त हुई और उसके बाद लगातार होने वाले उपचुनाव और अन्य चुनावों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अब 2024 का लोकसभा चुनाव महज साल भर दूर है और सभी पार्टियां कमर कस कर तैयार हो गई हैं। इसमें सबसे अधिक चुनौती बंगाल भाजपा के सामने है। 2019 में जिन 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी उन पर जीत बरकरार रखने के साथ ही बाकी सीटों पर भी बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया है। इसके बाद बंगाल भाजपा ने हाल में एक आंतरिक सर्वे करवाया है जिसमें पार्टी की मौजूदा स्थिति के बारे में आकलन करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें चिंताजनक हालात उभर कर सामने आए हैं। पता चला है कि जिन सीटों पर पार्टी का कब्जा था वहां भी बूथ स्तर पर पार्टी संगठनात्मक तौर पर कमजोर हुई है। ऐसे में जिन सीटों पर जीत दर्ज की है उन पर कब्जा बरकरार रखना ही चुनौती होगा। इसे पार कर और अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य पार्टी कैसे हासिल करेगी? इस बारे में भिजपा नेता राहुल सिन्हा कहते हैं कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार से बंगाल के लोग त्रस्त हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी में "आत्मनिर्भर टिहरी की संकल्पना" विषय पर प्रतिभाशाली स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया।

# परिषदीय विद्यालयों में नहीं पहुंची पुस्तकें, कैसे पढ़ेंगे नौनिहाल

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
**परिषदीय** विद्यालयों में एक अप्रैल से सत्र आरंभ होने वाला है। बावजूद अभी तक पूरी किताबें नहीं पहुंच सकी हैं। अभी तक कक्षा छह से आठ की लगभग छह लाख 80 हजार किताबें ही पहुंच सकी हैं। बेसिक शिक्षा विभाग से कक्षा एक से आठ तक के लिए लगभग 19 लाख किताबों को खरीदने का आर्डर विभिन्न 20 फर्मों को दिया गया है। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-23 आगामी एक अप्रैल से आरंभ होने वाला है। मीरजापुर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में लगभग तीन लाख 19 हजार 234 बच्चें अध्ध्यनरत हैं। इनको वितरित करने के लिए लगभग 20 फर्मों को 19 लाख पुस्तकों की आपूर्ति का क्रय आदेश जारी किया गया है।

वर्तमान में कक्षा छह, सात और आठ की लगभग छह लाख 80 हजार किताबें ही पहुंच सकी हैं। इसमें से महज पीतांबरा बुक झांसी, डायनेमिक टेक्स बुक झांसी, अनुपम प्रकाशन मथुरा ने ही लगभग छह लाख 80 हजार पुस्तकों की आपूर्ति की है। फर्मों को एक अप्रैल के पूर्व सभी किताबों की आपूर्ति कर देना है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर करेंगे विधान सभा कूच

**गोचर: राष्ट्रीय** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक रविवार को गोचर में हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 13 मार्च से भरारीसैंण-गैरसैंण में होने वाले बजट सत्र के पहले दिन विधान सभा कूच करेंगे। प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि विधान सभा कूच के लिए सभी जनपदों से अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक भरारीसैंण पहुंचेगे।




# उत्तराखंड: जोर पकड़ रहा ओपीएस की मांग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
**लंबे** समय से पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन और आंदोलन होते रहे हैं। इसी क्रम में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हल्द्वानी में हजारों कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने वाटिका बैंक्वेट हॉल से शहीद पार्क तक पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए जुलूस भी निकाला। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भी कर्मचारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों के हित पर कदम उठाते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। विजय कुमार बंधु ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी को छीन लिया है। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है, अगर देश के 5 राज्यों ने इस पेंशन को लागू कर दिया है तो उत्तराखंड सरकार को भी इस पेंशन को लागू कर देना चाहिए, नहीं तो इसका खामियाजा उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।



## चेतावनी

सिंचाई के कृत्रिम साधन सही विकल्प नहीं बन सकते

# बढ़ता तापमान रबी की फसलों के लिए खतरनाक

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर** मण्डल समेत पूरे उत्तर प्रदेश में फरवरी माह में अचानक बढ़े तापमान से फसलों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। सबसे अधिक क्षति गेहूं और सरसों में हो सकती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि गर्मी अधिक होने की वजह से गेहूं, सरसों समेत रबी के अन्य फसलों को अधिक क्षति की आशंका है। रबी की फसलों को परिपक्व होने के लिए कम तापमान की आवश्यकता होती है लेकिन धूप तेज होने की वजह से गर्मी अधिक होगी, जो फसलों के लिए ठीक नहीं है। गर्मी इन रबी फसलों को खराब कर सकती है। वहीं, अल नीनो इस साल बारिश को कम कर सकता है। इससे धान और बाजरा जैसी खरीफ फसलें प्रभावित होंगी। इससे सीधे-सीधे महंगाई पर असर पड़ने के आसार हैं। गर्म हवाएं ताजा उपज के परिवहन को भी प्रभावित करती हैं। भारत में पर्याप्त कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर का अभाव है। अत्यधिक गर्मी अक्सर परिवहन में बड़े खाद्य नुकसान का कारण बनती है। जनवरी और फरवरी में सर्दियों के महीनों के दौरान उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में मौसम की स्थिति काफी क्रूर रही। फरवरी माह की बात करें तो पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के उपमंडलों में 95-100% वर्षा की कमी हुई है। मौसम प्रणालियों की अनुपस्थिति और फलस्वरूप सर्दियों की बारिश ने पूरे क्षेत्र में गर्मी का तनाव बढ़ा दिया है। दिन और रात दोनों का तापमान लगातार सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है।

